**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 152**

**उत्तर देने की तारीख : 18.07.2022**

**स्थायी संकाय सदस्यों के रिक्त पद**

**†152. श्री राजीव प्रताप रूडी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संपूर्ण देश के विभिन्न कॉलेजों में कई स्थायी संकाय पद रिक्त हैं और यदि हां, तो बिहार सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) महाविद्‌यालयों में स्थायी संकाय, अतिथि संकाय और तदर्थ अध्यापकों की संख्या का बिहार सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या
(ग) क्या देशभर में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों के लिए आरक्षित संकाय सदस्यों के कई पद रिक्त हैं और यदि हां, तो बिहार सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) समग्र रिक्तियों को भरने में विलंब के क्या कारण हैं और सरकार द्‌वारा संपूर्ण देश के कॉलेजों और विश्वविद्‌यालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क) से (ग): केंद्रीय विश्वविद्‌यालयों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।
जहां तक कॉलेजों का संबंध है, इनकी स्थापना राज्य सरकार/ न्यास/ पंजीकृत सोसायटी या निजी प्रबंधन आदि द्‌वारा की जाती है और इन कॉलेजों में शिक्षकों की रिक्तियों से संबंधित डाटा संबंधित राज्य सरकारों द्‌वारा रखा जाता है।

(घ) : रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं के परिणामस्वरूप रिक्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्थान संकाय की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न उपाय अपना रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों का अध्ययन प्रभावित न हो, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ शोधार्थियों को नियुक्त करना, अनुबंधित, पुनः नियोजित, सहायक और अतिथि संकाय शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों से 05 सितंबर, 2021 से शुरू होने वाली एक वर्ष की अवधि के भीतर मिशन मोड में रिक्तियों को भरने का अनुरोध किया है। अगस्त 2021 से केंद्रीय विश्वविद्‌यालयों में 4807 पदों के लिए विज्ञापन दिया गया है, जिसके लिए चयन प्रक्रिया चल रही है।

*****

**अनुबंध**

**'स्थायी संकाय सदस्यों के रिक्त पद' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा दिनांक 18.07.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 152 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**01.04.2022 के अनुसार केंद्रीय विश्वविद्यालयों में (श्रेणी-वार) रिक्त शिक्षण स्थिति का विवरण**

| **राज्य का नाम** | **विश्वविद्यालय का नाम** | **रिक्त पदों की संख्या** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गैर-पूर्वोत्तर केंद्रीय विश्वविद्यालय | | सामान्य | एससी | एसटी | ओबीसी | ईडबल्यूएस | पीडबल्यूडी | कुल |
| आंध्र प्रदेश | राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 |
| बिहार | दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय | -1 | 9 | 7 | 25 | 15 | 4 | 59 |
| | महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय | 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 0 | 27 |
| छत्तीसगढ | गुरु घासीदास विश्वविद्यालय | 24 | 23 | 13 | 28 | 30 | 7 | 125 |
| दिल्ली | दिल्ली विश्वविद्यालय | 311 | 138 | 70 | 244 | 93 | 44 | 900 |
| | जामिया मिलिया इस्लामिया | 215 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 223 |
| | जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय | 64 | 61 | 43 | 105 | 32 | 21 | 326 |
| | श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय | 8 | 11 | 5 | 8 | 3 | 1 | 36 |
| | केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय | -53 | 11 | 8 | 33 | 16 | 4 | 19 |
| गुजरात | गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय | 29 | 9 | 4 | 14 | 5 | 3 | 64 |
| हरियाणा | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय | 39 | 18 | 11 | 31 | 12 | 9 | 120 |
| हिमाचल प्रदेश | हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय | 33 | 15 | 4 | 24 | 0 | 4 | 80 |
| जम्मू और कश्मीर | जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय | 6 | 11 | 5 | 19 | 15 | 4 | 60 |
| | केंद्रीय कश्मीर विश्वविद्यालय | 51 | 18 | 9 | 20 | 18 | 0 | 116 |
| झारखंड | झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय | 15 | 15 | 8 | 18 | 6 | 3 | 65 |
| कर्नाटक | कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय | 31 | 10 | 8 | 29 | 9 | 7 | 94 |
| केरल | केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय | 34 | 13 | 7 | 18 | 6 | 5 | 83 |
| मध्य प्रदेश | डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय | 66 | 21 | 25 | 70 | 40 | 12 | 234 |
| | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय | 1 | 13 | 12 | 29 | 21 | 4 | 80 |
| महाराष्ट्र | महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्व विद्यालय | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 | 0 | 21 |
| ओडिशा | ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय | 76 | 20 | 9 | 19 | 8 | 5 | 137 |
| पंजाब | पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय | 14 | 9 | 7 | 16 | 6 | 5 | 57 |
| पुदुचेरी | पांडिचेरी विश्वविद्यालय | 55 | 23 | 16 | 42 | 13 | 7 | 156 |
| राजस्थान | राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय | 34 | 18 | 10 | 26 | 7 | 6 | 101 |
| तमिलनाडु | तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय | 3 | 8 | 11 | 24 | 11 | -5 | 52 |
| तेलंगाना | मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय | 12 | 35 | 12 | 22 | 4 | 2 | 87 |
| | हैदराबाद विश्वविद्यालय | 65 | 35 | 24 | 29 | 3 | 7 | 163 |
| | अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय | -15 | 7 | 6 | 35 | 21 | 0 | 54 |
| उत्तराखंड | हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय | 58 | 55 | 25 | 75 | 3 | 15 | 231 |
| उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय | 450 | 0 | 0 | 0 | 0 | 48 | 498 |
| | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय | -35 | 105 | 80 | 312 | 49 | 21 | 532 |
| | बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय | 18 | 10 | 3 | 13 | 6 | 3 | 53 |
| | इलाहाबाद विश्वविद्यालय | 189 | 99 | 55 | 186 | 57 | 36 | 622 |
| पश्चिम बंगाल | | -46 | 26 | 16 | 112 | 64 | 22 | 194 |
| **कुल (I) (गैर-पूर्वोत्तर केंद्रीय विश्वविद्यालय)** | | 1773 | 853 | 519 | 1638 | 579 | 312 | 5674 |
| पूर्वोत्तर केंद्रीय विश्वविद्यालय | | | | | | | | |
| असम | असम विश्वविद्यालय | 37 | 17 | 11 | 13 | 6 | 5 | 89 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | तेजपुर विश्वविद्यालय | 7 | 11 | 5 | 9 | 3 | 3 | 38 |
| अरुणाचल प्रदेश | राजीव गांधी विश्वविद्यालय | 34 | 15 | 7 | 24 | 8 | 3 | 91 |
| मणिपुरी | मणिपुर विश्वविद्यालय | 105 | 13 | 7 | 2 | 0 | 0 | 127 |
| मेघालय | उत्तर पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय | 104 | 23 | 12 | 19 | 15 | 6 | 179 |
| मिजोरम | मिजोरम विश्वविद्यालय | 45 | 7 | 0 | 6 | 4 | 2 | 64 |
| नगालैंड | नागालैंड विश्वविद्यालय | 44 | 16 | 2 | 3 | 0 | 1 | 66 |
| सिक्किम | सिक्किम विश्वविद्यालय | 48 | 12 | 3 | 6 | 0 | 6 | 75 |
| त्रिपुरा | त्रिपुरा विश्वविद्यालय | 55 | 21 | 10 | 41 | 13 | 6 | 146 |
| **कुल-II (पूर्वोत्तर केंद्रीय विश्वविद्यालय)** | | 479 | 135 | 57 | 123 | 49 | 32 | 875 |
| **कुल योग (गैर-एनईआर सीयू + एनईआर सीयू)** | | 2252 | 988 | 576 | 1761 | 628 | 344 | 6549 |